तापमान

अधिकतम 15.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 24 जनवरी 2026



10 विद्यार्थियों को जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार...



10 रैली निकालकर नशे से दूर रहने का किया आह्वान




## खबर संक्षेप

### 466 ग्राम चरस के साथ व्यक्ति पकड़ा

**जींद।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस स्टाफ ने गांव अकालगढ़ में एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 466 ग्राम चरस बरामद की है। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस स्टाफ को सूचना मिली थी कि अकालगढ़ में व्यक्ति नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का वेट कर रहा है।

### जींदः रेलवे लाइन पर युवक का शव मिला

**जींद।** रोहतक रोड पुल के नीचे दिल्ली-बठिंडा रेलवे लाइन पर एक युवक का शव बरामद हुआ है। शव की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान रामबीर कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय पुनीत के रूप में हुई है। मृतक की कुछ ही दूरी पर स्कूटी भी मिली। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत, केस

**जींद।** धमतान सहिब में सामान लेने जा रहे मजदूर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के रिश्तेदार की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पहाड़पुर जिला सहरसा निवासी प्रद्युमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रिश्तेदार राजू के साथ धमतान साहिब राइस मिल में मजदूरी करता है।

### अपहरण-जानलेवा हमला मामले में दो आरोपी काबू

**कैथल।** गुहला क्षेत्र में पंजाब निवासी एक व्यक्ति का अपहरण करके चोटे मारने के मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश की अगुवाई में एएसआई तरसेम कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी तुर बंजारा जिला संगरूर निवासी गुरदीप उर्फ दारा तथा मुंशीवाला जिला संगरूर निवासी कर्मजीत को काबू कर लिया गया।

### नशा तस्करी के तीन आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** पिल्लखेड़ा पुलिस ने नशा तस्करी के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान खरकगागर निवासी विक्रम व नवीन के अलावा हिमाचल प्रदेश के मणिकरण निवासी प्रेम के रूप में हुई है। पुलिस ने विक्रम व नवीन को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया। जबकि प्रेम को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की है।

### ईंट मारकर युवक को किया घायल

**कैथल।** कलायत के गांव वजीर नगर में पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर ईंटों से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद घायल युवक को सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। मामले में कलायत थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वजीर नगर निवासी संदीप ने बताया कि वह मिस्त्री है।

### दुकान का ताला तोड़कर नकदी व उपकरण चोरी

**जींद।** खानसर चौक सफीदों में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर नगदी तथा उपकरणों को चोरी कर लिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी राकेश ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### कैथल : नीमवाला में ट्यूबवेल के तार चोरी

**कैथल।** राजौंद के गांव नीमवाला में खेत से चोरों ने ट्यूबवेल के तार चोरी कर लिए। मामले में राजौंद थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में नीमवाला निवासी रोहताश ने बताया कि 21 की रात में चोरों ने खेत में लगे ट्यूबवेल के बोर से 85 से 90 फुट बिजली की तांबे के तार चोरी कर लिए।

---

### जींद में औसतन 13.7 तो नरवाना में 20 एमएम बरसात, कैथल में 15 एमएम से अधिक बारिश दर्ज

# सर्द सीजन की बारिश से किसानों के वारे-न्यारे

## आज भी छाए रहेंगे बादल, 25 जनवरी को फिर लेगा मौसम करवट

**सात डिग्री तक लुढ़का अधिकतम तापमान हवा भी रही सर्द**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में सर्द सीजन की बीती रात से गरज चमक के साथ पहली बारिश ने किसानों के वारे-न्यारे कर दिए हैं। फसलों को अच्छा खासा फायदा पहुंचा है। गन्ना उत्पादक किसानों को जरूर थोड़ा परेशानी का सामना करना पड़ा। तापमान में भी सात डिग्री की गिरावट आई है। हवा की तेज गति जरूर परेशानी का कारण बनी रही। कुछ स्थानों पर नालों के अवरूद्ध होने पर सड़कों पर पानी भी खड़ा देखा गया। शुक्रवार को जिले में औसतन तौर पर 13.7 एमएम बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 15 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान चार डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 80 प्रतिशत तथा हवा कि गति 15 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को आकाश में बादल छाए रहेंगे और बूंदाबांदी की संभावना है।



जींद। बारिश के बाद खेत को संभालने पहुंचे किसान। फोटो :हरिभूमि


#### गरज चमक के साथ हुई बारिश

मौसम ने वीरवार देर रात को करवट ले ली थी। आकाश में बादल छाने के साथ हवा की गति भी तेज हो गई। मध्य रात्री को गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। जो रूक-रूक कर शुक्रवार दोपहर तक जारी रही। कुछ स्थानों पर नाले अवरूद्ध होने के कारण पानी चौक चौराहों पर खड़ा दिखाई दिया। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हवा की गति तेज होने साथ सर्द बनी रही। अधिकतम तापमान सात डिग्री लुढ़क कर 14 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी तीन डिग्री लुढक कर चार डिग्री पर आ गया। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार थी बने रहे।

#### फसलों को अच्छी ग्रोथ मिलेगी

रबी फसल की बिजाई होने के बाद से सर्द सीजन में बारिश नही हुई थी। रात को तापमान भी पांच डिग्री से नीचे जा रहा था। किसानों का फसलों को ठंड से बचाने के लिए ट्यूबवैलों से रात को सिंचाई करनी पड़ रही थी। दिन का तापमान पिछले कुछ दिनों से बीस डिग्री को पार कर रहा था। शुक्रवार को हुई बारिश ने किसानों को काफी राहत दी। बारिश फसलों के लिए काफी फायदेमंद साबित हुई है। बारिश ने फसलों में पानी की कमी को पूरी कर दिया है। फसलों को अच्छी ग्रोथ मिलेगी। फुटाव भी अच्छा मिलेगा।





जींद। शहर में बारिश के बाद जमा बारिश का पानी। फोटो :हरिभूमि

#### पश्चिमी विक्षोभ 25 को फिर होगा सक्रिय

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बारिश हुई है। शुक्रवार को भी बादलवाई के साथ बूंदाबादी की संभावना है। 25 को फिर से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है।

#### कहां कितनी बरसात

सर्द सीजन में जींद में 15 एमएम, नरवाना में 20 एमएम, सफीदों में 11 एमएम, जुलाना तथा उचाना में नौ-नौ एमएम, पिल्लूखेड़ा में 15 एमएम, अलेवा में 18 एमएम बारिश दर्ज की गई। इससे पूर्व दिसंबर तथा जनवरी माह में वर्ष 2021-22 मे 12.2 एमएम बारिश हुई थी।



कैथल। बरसात के कारण चौक पर जमा पानी से गुजरते वाहन।

### कैथल : दिनभर जमकर बरसे बदरा जल निकासी न होने से लोग बेहाल

**कैथल।** शुक्रवार को अलसुबह से लेकर सायं तक जिले भर में जमकर बरसात हुई। बरसात के कारण निचली कालोनियों तथा सड़कों व चौक चौराहों पर पानी जमा हो गया। बारिश से हालांकि गेहूं और सब्जियों की फसल को कोई नुकसान नहीं हुआ है। रूक-रूक कर हुई बारिश से सड़कों पर पानी जमा हो गया, इस कारण लोगों को परेशानी हुई। बारिश से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित रही। बारिश के कारण मैन बाजार, मुख्य मार्ग व सार्वजनिक स्थानों पर रौनक गायब रही और लोगों को अपने घर पर ही रहने के लिए मजबूर कर दिया। बारिश के कारण शहर की निचली कालोनियों में बरसाती पानी खड़ा हो गया और कच्ची गलियों में बारिश के कारण कीचड़ की भरमार हो गई। आंबेडकर कालोनी, अर्जन नगर, शक्ति नगर, करनाल रोड की कई कालोनियों में बरसाती पानी से लोग काफी प्रभावित है। कई जगह बरसात का पानी जमा होने के कारण लोगों को आवाजाही के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। जिलेभर में अधिकतम तापमान 15 डिग्री व न्यूनतम तापान पांच डिग्री पर आ गया। बारिश के बाद ठंड ने अपना असर दिखाया। पिछले चार दिनों से तापमान रोजाना बढ़ रहा था। वीरवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री व न्यूनतम तापमान 13 डिग्री था।

---

## गणतंत्र दिवस समारोह मनाने की नई अनाज मंडी में की वैकल्पिक व्यवस्था

- गणतंत्र दिवस समारोह में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी करेंगी ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

संभावित बरसाती मौसम को ध्यान में रखते हुए 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की वैकल्पिक व्यवस्था नई अनाज मंडी में की गई है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने समारोह स्थल का निरीक्षण करते हुए दी। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र दून, नगराधीश मोनिका रानी, समेत संबधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एडीसी प्रदीप ने बताया कि संभावित बारिश से 77वां गणतंत्रता दिवस समारोह मनाने के लिए वैकल्पिक तौर पर नई अनाज मंडी में व्यवस्था की गई है । बरसात न हुई तो समारोह पुलिस लाइन मैदान में ही मनाया जाएगा। बताया कि 24 को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल नई अनाज मंडी में ही आयोजित की जाएगी।

#### व्यवस्थाओं की तैयारियों की जांच की

इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, बिजली, पेयजल, साफ-सफाई तथा यातायात प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाओं की तैयारियों की भी जांच की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण की जाएं ताकि समारोह भव्यए सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से संपन्न हो सके।

## सड़क में बने गहरे गड्ढों में भरा बारिश का पानी, कई वाहन चालक चोटिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद में गुरुवार रात से हो रही बे मौसमी बरसात के बाद मुख्य मार्ग पर पानी भरने से लोगों को खाली निकलना भी मुश्किल हो गया,इससे राहगीरों को पूरा दिन बहुत परेशानी उठानी पड़ी।आलम यह रहा की टूटी हुई सड़क में पानी भरने से कई वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार हो गए और वाहन धंसने से कई बार लंबे जाम भी लगते रहे।सड़क पर सीवरेज की पाइपलाइन दबाते समय बनाए गए बड़े-बड़े मेन होल से निकाली गई मिट्टी तक नहीं उठाई गई। जिससे उसमें वाहन धंस रहे हैं, ऐसा कई बार पहले भी हो चुका हैं। संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा,जिसका खामियाजा आम नागरिकों के साथ-सा वाहन चालकों को भुतगना पड़ रहा है।

---

### ब्लैकमेल करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** कबाड़ी का सामान बेचने के बहाने बुलाकर लूटपाट व ब्लैकमेल करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के इंस्पेक्टर वेदपाल की टीम द्वारा करते महिला आरोपी नानकपूरी कॉलोनी कैथल निवासी किरण को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव मटौर निवासी सोनू की शिकायत अनुसार उसकी गांव में कबाड़ी की दुकान है। 24 मई को उसे अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें एक महिला ने कबाड़ी का सामान बेचने के बहाने कैथल बुलाया। महिला के कहने पर वह बाइक से कैथल के चीका चौक पहुंचा, जहां वही महिला उसे मिली और अपने घर पर सामान दिखाने के बहाने ले गई। घर के अंदर जाते ही कमरे में पहले से मौजूद 1 लड़की, 1 महिला, 4 लड़के और 1 बुजुर्ग ने उसे कमरे में बंद कर दिया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जेब से 10,000 रुपये नकद निकाल लिए और जबरन 40,000 रुपये गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए थे।

## तमिलनाडू के आईपी एड्रेस से भेजी थी धमकी भरी ई-मेल

- कोर्ट का बम से उड़ाने की धमकी देने पर अज्ञात पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेशन जज की ई-मेल पर कोर्ट परिसर को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी भरी ई-मेल भेजने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दहशत फैलाने, सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा आईटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहित के तहत मामला दर्ज किया है। जिला अदालत के सुपरिडेंट रोशनलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 जनवरी को सैशन जज की मेल में ई-मेल मिली। जिसमें अदालत परिसर में आडीएक्स प्लांट करने के साथ अदालत परिसर को उड़ाने की धमकी दी गई। जिसमें बताया गया कि आरडीएक्स के काम न करने पर परिसर को फिदायन हमले से उड़ा दिया जाएगा। जिससे अदालत का कामकाज प्रभावित हुआ। दहशत फैलाने की कोशिश की गई। ई-मेल तमिलनाडू की किसी ई-मेल आईडी से भेजी गई थी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने कोर्ट सुपरिडेंट की शिकायत पर धमकी भरी ई-मेल आईडी भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, धमकी देने, दहशत फैलाने, आईटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

#### जांच जारी

सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी वजीर सिंह ने बताया कि सेशन जज कार्यालय से शिकायत मिली थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### कुवैत भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी पकड़ा

**कैथल।** फेसबुक पर विज्ञापन देखकर एक युवक से कुवैत भेजने के नाम पर 80 हजार रुपए ठगी करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम प्रभारी पी एस आई शुभ्रांशु अगुवाई में ए एस आई जसबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी मुंदिया कलां जिला लुधियाना पंजाब निवासी सुखजीत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया किया भूसला निवासी सोनू किया शिकायत अनुसार 16 दिसंबर 2024 को उसने फेसबुक पर विज्ञापन देखा। इसमें कुवैत भेजने का ऑफर था। उसने मोबाइल नंबर पर बातचीत की तो 23 दिसंबर 2024 को संबंधित व्यक्ति ने कहा कि कुवैत जाने के लिए कहा कि उसे 10 लाख रुपये देने होंगे। इसमें से आपको आधा रुपया वीजा आने के बाद देना होगा। आधे रुपये हवाई जहाज के टिकट पर देने होंगे।

### पुलिस ने की ऑनलाइन चालान की कार्रवाई, दो सप्ताह में 22 पर ठोका जुर्माना

# सख्तीः बस स्टैंड के अंदर निजी वाहन ले जाना पड़ेगा भारी, होगा ऑनलाइन चालान

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

यदि आप कैथल के बस स्टैंड में कोई निजी वाहन लेकर एंट्री करते हैं तो सावधान हो जाएं क्योंकि यह आपको भारी पड सकता है। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रोडवेज ने पुलिस विभाग के साथ मिलकर आनलाइन चालान शुरू कर दिए हैं। अब ट्रैफिक पुलिस बस स्टैंड परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काट रही है। इस कार्रवाई के तहत अब तक कैमरों की मदद से 22 वाहन चालकों के चालान भी काट दिए गए हैं। बता दें कि रोडवेज प्रबंधन ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर 11 जनवरी को बस स्टैंड परिसर में निजी वाहनों की एंट्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। इसके बावजूद कई वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए बस स्टैंड के अंदर वाहन ले जा रहे थे। मजे की बात यह भी है कि कुछ युवक तो कर्मचारियो के बार बार कहने के बावजूद अपने निजी वाहनों को बस स्टैंड के अंदर ले जाते हैं तथा बसों के बीच जा धमकते हैं। इससे इक्का दुक्का हादस होते बाल बाल बचे हैं। बस स्टैंड परिसर में यात्रियों व बसों की आवाजाही के कारण निजी वाहनों का प्रवेश हादसों का कारण बन सकता है। रोडवेज के यातयात प्रबंधक विपुल कुमार नंदल ने कहा निजी वाहन चालक निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें और बस स्टैंड परिसर में निजी वाहन लेकर न जाएं। बताया कि बस स्टैंड के साथ ही पार्किंग भी बनाई गई है।

#### कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

जिला यातायात प्रभारी सतपाल ने बताया कि बस स्टैंड पर यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से निजी वाहनों की एंट्री बंद की थी। इसके बाद निजी वाहन चालक नहीं रूके। अब ट्रैफिक पुलिस को निजी वाहनों की एंट्री पर अवैध पार्किंग के चालान करने की कार्रवाई करने की सिफारिश की थी। एंट्री के बाद से 13 दिन में अब तक ट्रैफिक पुलिस ने निजी वाहनों के अवैध पार्किंग के 22 चालान किए हैं। बताया कि चालान की कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।




**खबर संक्षेप**

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

जींद। गांव लखमीरवाला से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव लखमीर वाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### पुलिस कर्मचारियों ने किया सूर्य नमस्कार

जींद। पुलिस थानों में शुक्रवार को कर्मचारियों व अधिकारियों ने सूर्य नमस्कार किया। पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाई। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि स्वस्थ पुलिसकर्मी ही समाज को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकता है।

### दो स्थानों से चार भैंस और दो कटड़ी चोरी

जींद। सदर थाना सफीदों इलाके में बीती रात चोरों ने दो स्थानों पर पशुबाडों के ताले तोड़ कर चार भैंस तथा दो कटडियों को चोरी कर लिया। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिंघपुरा निवासी सुभाष सैनी ने बताया कि उसने मकान के निकट ही पशुबाडा बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने उसके पशुबाड़े का ताला तोड़ कर तीन भैंस तथा एक कटड़ी को चोरी कर लिया है।

### शिविर में 278 रोगियों का स्वास्थ्य जांचा

जींद। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयुष विभाग जिला जींद एवं परवाज एक उड़ान चैरिटेबल ट्रस्ट नरवाना के संयुक्त तत्वावधान में फ्री आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आयुष विभाग जिला जींद के आयुर्वेदिक चिकित्सकों, होम्योपैथिक चिकित्सकों एवं योग सहायकों द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गईं। इसमें आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग पद्धति के माध्यम से विभिन्न रोगों का उपचार किया गया।

### महिला वृद्ध आश्रम का औचक निरीक्षण किया

जींद। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद पूनम सुनेजा ने रोहतक रोड स्थित जनसेवा संस्थान महिला वृद्ध आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान आश्रम में 70 महिलाएं थी। प्राधिकरण अध्यक्ष ने जन सेवा संस्थान में रह रही महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### 26 को निकाली जाएगी भव्य निशान यात्रा

उचाना। श्री खाटू श्याम जी धाम डोहाना खेडा रजत जयंती समारोह 26 जनवरी को मनाया जा रहा है। भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। नरवाना के बाबा गैबी साहब मंदिर से निशान यात्रा शुरू होगी जो डोहाना खेड़ा पहुंचेंगी। सनातन प्रेमी एवं ग्रामीण आयोजक की भूमिका निभा रहे है।

### फ्री रक्त जांच शिविर का आयोजन 25 को

जींद। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन जनसेवा, स्वास्थ्य और समर्पण के उद्देश्य से 25 जनवरी को मिड्ढा क्लीनिक पर निशुल्क रक्त जांच शिविर कर मनाया जाएगा। यह कैंप सुबह दस बजे शुरू होगा और एक बजे तक चलेगा। सीबीसी टैस्ट, ईएसआर, एमपी कार्ड, ब्लड शुगर, यूरिन कंपलीट टैस्ट, विडाल टैस्ट, सिरिम बिलिरूबीन टैस्ट भी किए जाएंगे।

### पांच दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण संपन्न

नरवाना। पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चा खेड़ा में आयोजित पांच दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का भ्रमण एक्सपोजर विजिट सहित भव्य एवं सफलतापूर्वक समापन किया गया। यह प्रशिक्षण किसानों, ग्रामीण युवाओं, महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए आयोजित किया गया।

## मोतीलाल नेहरू स्कूल में साइबर सेफ्टी एवं सिक्योरिटी विषय पर कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार के लिए प्रेरित करें अध्यापक

### प्रमाणीकरण सुरक्षित वेबसाइटों का उपयोग, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, और व्यक्तिगत जानकारी किसी से सांझा न करे

### साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत साइबर सेफ्टी एवं साइबर सिक्योरिटी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन सुरक्षा, डेटा गोपनीयता तथा विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराने के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्प कुछ भेंट किया और इस अवसर पर विद्यालय के सभी प्रशिक्षक उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीबीएसई की ओर से रिसोर्स पर्सन श्रीमती वर्षा ने सहभागिता की। उन्होंने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में इंटरनेट, मोबाइल फोन, सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में साइबर सुरक्षा का ज्ञान अत्यंत आवश्यक हो गया है। वर्षा ने अपने सत्र के दौरान साइबर अपराधों के प्रकार जैसे कि फिशिंग, हैकिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर बुलिंग, डेटा चोरी, पहचान की चोरी आदि विषयों पर सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार छोटी-छोटी सावधानियां अपना कर हम स्वयं को एवं अपने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रख सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान यह विशेष रूप से बताया गया कि विद्यालय स्तर पर शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। क्योंकि शिक्षक ही विद्यार्थियों को डिजिटल अनुशासन, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग एवं जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों को यह सुझाव भी दिया कि वे कक्षा शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से जुड़े नियमों की जानकारी अवश्य दें। रिसोर्स पर्सन ने पासवर्ड सुरक्षा, दो स्तरीय प्रमाणीकरण सुरक्षित वेबसाइटों का उपयोग, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सांझा न करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए अध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि

#### आज का डिजिटल युग

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी साइबर सुरक्षा से संबंधित अपने अनुभव सांझा किए एवं प्रश्न पूछे। जिनका उत्तर वर्षा ने धैर्यपूर्वक एवं सरल भाषा में दिया। यह संवादात्मक सत्र सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग डिजिटल युग है। जहां तकनीक ने हमारे जीवन को आसान बनाया है, वहीं इसके साथ कई चुनौतियां भी सामने आई हैं। साइबर अपराध उन्हीं चुनौतियों में से एक हैं। जिनसे निपटने के लिए जागरूकता और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई द्वारा आयोजित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को न केवल अपडेट रखते हैंए बल्कि उन्हें जिम्मेदार डिजिटल मार्गदर्शक बनने के लिए भी प्रेरित करते हैं। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है, चाहे वह शारीरिक सुरक्षा हो या डिजिटल सुरक्षा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से शिक्षक साइबर सुरक्षा के प्रति अधिक सजग होंगे और इस ज्ञान को विद्यार्थियों तक भी पहुंचाएंगें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य ने रिसोर्स पर्सन वर्षा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी प्रशिक्षक के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ और साइबर सेफ्टी एवं सिक्योरिटी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




जींद। जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

# रैली निकालकर नशे से दूर रहने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के चौथे दिन का आगाज लक्ष्य गीत और योगा सत्र के साथ हुआ। अगले सत्र में रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली के मनोवैज्ञानिक डा. नरेश जागलान ने नशा मुक्त भारत मानसिक शक्ति ही व्यसन मुक्त जीवन की कुंजी विषय पर व्याख्यान दिया। स्वयंसेविकाओं को समझाया आज के दौर में इस विषय की प्रासंगिकता पर जोर देते कहा कि वर्तमान में युवाओं में नशे की प्रवृत्ति चिंताजनक रूप से बढ़ रही है। आंकड़ों का हवाला देते बताया कि किस प्रकार मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों और तनाव के कारण कई लोग नशे की ओर आकर्षित होते हैं। डा. जागलान ने ऐसे तरीके सुझाए, जिनसे वे न केवल खुद को बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी मानसिक रूप से सशक्त बनाकर नशे से दूर रहने में मदद कर सकें।

#### स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं

व्याख्यान के उपरांत स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव खोखरी का दौरा किया। वहां उन्होंने नशा मुक्त समाज के उद्देश्य को साकार करने के लिए नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। इस अनुभव से स्वयंसेविकाओं ने सीखा कि कैसे एकजुट होकर सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई जा सकती है और सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने गांव के तालाब का दौरा किया और उसके महत्व पर चर्चा की। तालाबों के संरक्षण की आवश्यकता और उन्हें बचाने के तरीकों पर ग्रामीणों के साथ बातचीत की। इस दौरान जल संरक्षण और पर्यावरण स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। जिससे ग्रामीण समुदाय को अपने प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूक किया जा सके। स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीणों को समझाया कि कैसे उनके छोटे-छोटे प्रयास पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं।

# एक गांव व एक गोत्र में शादी पर लगाई जाए रोक : टेकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने राष्ट्रीय मुख्यालय पर सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। कंडेला ने कहा है कि आज समाज में एक गांव, एक गोत्र में शादी पर रोक लगानी चाहिए। क्योंकि इसमें समाज का भाईचारा खराब होता है। लड़का व लड़की की शादी माता-पिता की सहमति से होनी चाहिए। लिव इन रिलेशनशिप को भी खत्म किया जाए। युवाओं में बढ़ते नशे को देखते नशे को छोड़ दूध पियो का संदेश दिया है। आज हमारा समाज एक बच्चे पर आधारित है। अगर कोई किसी प्रकार का हादसा हो जाता है तो परिवार के लोग उस सदमे से बाहर नहीं निकाल पाते है। उन्होंने कहा है कि कम से कम दो या तीन बच्चे पैदा करने चाहिए ताकि परिवार का ताना-बाना बना रहे।



#### अनिल बेनीवाल बने गुजरात प्रदेश अध्यक्ष

कंडेला ने सर्वखाप व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए कई प्रदेश अध्यक्षों की सूची जारी करते कहा कि राजस्थान के मिर सिंह रेढ़ू व पंजाब के गुरतेज सिंह रेढ़ू, उत्तर प्रदेश के देवेंद्र सिंह रेढ़ू, मध्य प्रदेश के दिलबाग सिंह गोयत, उत्तराखंड के गगनदीप, चंडीगढ़ से अशोक मित्तल, बिहार के रामप्रसाद, दिल्ली से धर्मपाल रेढ़ू, गुजरात से अनिल बेनीवाल को अपने प्रदेशों का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# टूटी ग्रिलों को शीघ्र ठीक करवाने के दिए निर्देश

- डीसी दरबार में उठाया रानी तालाब मंदिर परिक्रमा मार्ग की टूटी ग्रिलों का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद शहर के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र रानी तालाब मंदिर के परिक्रमा मार्ग पर लगी टूटी कंक्रीट ग्रिलों का मामला डीसी दरबार में प्रमुखता से उठा। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा के समक्ष यह गंभीर समस्या रखी और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल मरम्मत व स्थायी समाधान की मांग की। गोयल ने डीसी को बताया कि मंदिर के चारों ओर बने परिक्रमा मार्ग पर कई स्थानों पर कंक्रीट की ग्रिलें पूरी तरह टूट चुकी हैं। प्रतिदिन सैंकड़ों श्रद्धालु, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं यहां सुबह व शाम दर्शन एवं परिक्रमा के लिए आते हैं। टूटी हुई ग्रिलों के कारण किसी भी समय कोई श्रद्धालु फिसल कर सीधे तालाब में गिर सकता है, जिससे बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। गोयल ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व भी इसी तरह की स्थिति उत्पन्न हुई थी। उस समय विभागीय स्तर पर समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें सीएम विंडो के माध्यम से शिकायत दर्ज करानी पड़ी थी। जिसके बाद प्रशासन ने मरम्मत करवाई थी। उन्होंने कहा कि बार-बार वही स्थिति बनना संबंधित विभागों की लापरवाही को दर्शाता है और अब इसका स्थायी समाधान जरूरी है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने डीसी दरबार में रखी गई इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण करने तथा टूटी कंक्रीट ग्रिलों को शीघ्र ठीक करवाने के स्पष्ट निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मामले में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नही की जाएगी।



जींद। डीसी को दिए शिकायत पत्र को दिखाते राजकुमार गोयल। फोटो :हरिभूमि



उचाना। गुरूकुल खेड़ा में चल रहा बाबा श्याम मंदिर का निर्माण कार्य।

#### गुरूकुल खेड़ा में बनेगा बाबा श्याम का मंदिर

उचाना। गुरूकुल खेड़ा गावं में बाबा श्याम का मंदिर बनेगा। मंदिर निर्माण को लेकर तेजी से कार्य चल रहा है। तालाब के पास स्थित शिव मंदिर के पास करीब 1 हजार गज में मंदिर का निर्माण होगा। श्याम भगत पप्पू, मोहन, वीरेंद्र, संदीप, कपिल, रोहताश, पवन ने बताया कि मंदिर निर्माण को लेकर सभी का सहयोग मिल रहा है। निर्माण कार्य 17 नवंबर से चल रहा है। मंदिर निर्माण पर करीब 11 लाख रुपए की राशि खर्च आएगी। जयपुर से श्याम बाबा की प्रतिमा लेकर जाएंगे। गांव के आस-पास कोई मंदिर बाबा श्याम का नहीं है। जो डेरा गांव में है उसके पुजारी कालूपुरी है। पुजारी कालूपुरी के सान्निध्य में पहले गांव में शनि मंदिर का निर्माण हुआ था। अब बाबा श्याम के मंदिर का निर्माण शुरू हुआ है। बाबा श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है। निरंतर श्याम भगत सहयोग मंदिर निर्माण को लेकर कर रहे है।

# छह माह से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से करें निपटारा : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसपी कुलदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में सभी डीएसपीए थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर अपराध एवं कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी छह माह पुराना मामला हो तो उसे तुरंत प्राथमिकता से निपटाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बैठकों का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाना, जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करनाा, पुलिसिंग को संवेदनशील, जवाबदेह व तकनीक आधारित बनाना है।




जींद। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी कुलदीप सिंह।

#### साप्ताहिक रेस्ट देने के निर्देश

एसपी ने कहा कि आदतन अपराधियों व असामाजिक तत्वों की नियमित समीक्षा कर उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। थानों में आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता को पावती देने, शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान करने व चोरी के मामलों में आरोपियों की पहचान कर मामलों को शीघ्र ट्रेस करने पर पर जोर दिया। किसी भी घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अनिवार्य रूप से प्राप्त कर उसका गहन विश्लेषण किया जाए। इसके साथ-साथ तकनीकी साक्ष्यों जैसे टावर डंपए डिजिटल ट्रेसिंग व अन्य वैज्ञानिक तरीकों का प्रभावी उपयोग किया जाए ताकि चोरी, गृहभेदन, छिनैती, लूट व डकैती जैसे मामलों में नामालूम आरोपियों की पहचान कर समय रहते शिनाख्त की जाए। कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक पुलिस कर्मचारी को साप्ताहिक रेस्ट देने के निर्देश दिए।



जींद। नशा छोड़ने के लिए जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### नशा छोड़ने से परिवार खुशहाल : नरेश


जींद। फ्यूचर नशा मुक्ति केंद्र नरवाना में नशे के विरुद्ध एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल एक बुरी आदत नही बल्कि मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और भावनात्मक समस्या है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक नशे को केवल इच्छाशक्ति की कमी माना जाएगा। तब तक इसका स्थायी समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को पल-पल तोड़ता है। पहले सोच, फिर रिश्ते और अंत में जीवन। इससे लड़ाई दवा से नही दृष्टिकोण से जीती जाती है। सेमिनार के दौरान उन्होंने बताया कि तनाव, अवसाद, असफलता का डर, पारिवारिक कलह और गलत संगति नशे की ओर ले जाने वाले प्रमुख कारण हैं। उन्होंने उपस्थित मरीजों को यह संदेश दिया कि नशा उनकी पहचान नहीं है बल्कि एक ऐसी स्थिति है जिससे बाहर निकला जा सकता है।

## हाउसिंग बोर्ड में करीब एक वर्ष पहले बेसहारा पशुओं ने गिराई थी दीवार

# पार्क की टूटी दीवार की सुध नहीं ले रही नप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाउसिंग बोर्ड में एक साल पहले बेसहारा पशुओं के लड़ते समय गिरी पार्क की दीवार की सुध नहीं ली जा रही है। वार्ड नंबर 19 के पार्षद संजय वत्स का कहना है कि वह पार्क की दीवार के निर्माण लेकर कई बार नगर परिषद के उच्च अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई सुध नहीं ली जा रही है। हाउसिंग बोर्ड में बंद मार्केट के पास स्थित पार्क में बेसहारा पशु बैठे रहते हैं। इसके अलावा न तो पार्क में लाइट है और न ही बच्चों के खेलने के लिए झूले हैं। इस कारण लोगों में अधिकारियों के प्रति रोष बना हुआ है। कालोनी के लोगों का कहना है कि पार्क का बड़ा गेट भी लंबे समय से टूटा हुआ है। वह भी बड़े पत्थर के सहारे टिका रखा है। कालोनी के लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। एक ओर तो नगर परिषद शहर में पार्कों के जीर्णोद्धार की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर हाउसिंग बोर्ड में खराब पड़े पार्क की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कालोनीवासी सागर, मंजू, राजपाल, विनोद, कृष्ण ने कहा कि पार्क में लाइट नही है। इस कारण शाम के समय पार्क में अंधेरा छाया रहता है। शाम के समय खाना खाने के बाद लोग अंधेरे में ही लोग सैर करने को मजबूर हैं। पुराना बस स्टैंड की ओर आने-जाने के लिए लोग हाउसिंग बोर्ड से होकर निकलते हैं। इस कारण यहां वाहनों का आवागमन ज्यादा रहता है। ऐसे में लोग कालोनी में सड़कों पर भी नहीं घूम सकते हैं। अंधेरे में वाहनों के साथ टक्कर होने का डर बना रहता है। पार्क में घास भी नहीं है। ऐसे में बच्चे या बुजुर्ग पार्क में बैठ नहीं सकते। पार्क की दीवार टूटी होने के कारण बेसहारा गोवंश या कुत्ते पार्क में घुसे रहते हैं। पशु बच्चों व बुजुर्गों को मारकर चोटिल कर सकते हैं। इस कारण लोगों को पार्क में जाते समय डर लगा रहता है। हाउसिंग बोर्ड के पार्क की दीवार के निर्माण की मांग को लेकर लोग नगर परिषद से कई बार मांग कर चुके हैं। अगर यहां दीवार बन जाती है तो लोगों को काफी फायदा होगा। कम से कम बेसहारा गोवंश पार्क में नहीं घुस पाएंगे।



#### करवाई जाएगी मरम्मत

नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि पार्क की मरम्मत करवाई जानी है। अभी बजट नहीं है। जैसे ही बजट आएगा तो इस पार्क की मरम्मत कार्य करवया जाएगा।

# सीएम सैनी के जन्मदिन पर बराह खुर्द में होगी महिला कबड्डी प्रतियोगिता: कर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम नायब सिंह सैनी के जन्मदिन के उपलक्ष में 25 जनवरी को जिले के गांव बराहखुर्द में दूसरी महिला कबड्डी प्रतियोगिता होगी। इस खेल आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। प्रतियोगिता में हरियाणा की चुनिंदा आमंत्रित महिला कबड्डी टीमें भाग लेंगी जिससे मुकाबले रोमांचक होने की उम्मीद है। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सैनी के निजी मीडिया इंचार्ज जगदीश कश्यप ने शुक्रवार को बताया कि प्रतियोगिता महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

#### जरूरी व्यवस्था संपन्न



प्रतियोगिता का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें खास तौर पर महिला वर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिलेगी। आयोजन मंडल के सदस्य सतीश फौजी व निशा पहल के अनुसार प्रतियोगिता की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की जा चुकी हैं। प्रतियोगिता के दौरान महंत सुखबीर दास, एशियन कबड्डी फेडरेशन के चेयरमैन गुलाब सैनी, सैनी महापंचायत हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दहिया, एशियन पदक विजेता विकास कृष्ण, दीपक हुड्डा, महेंद्र गुरुजी समेत कई गणमान्य लोग भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## अखिल भारतीय मानव सेवा समिति व हिंदू महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में बसंत उत्सव का आयोजन

कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 45 विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# बसंत पंचमी के अवसर पर अव्वल रहे विद्यार्थियों को किया सम्मानित



कैथल। अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर अखिल भारतीय मानव सेवा समिति तथा हिंदू महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में बसंत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन पवनार पब्लिक स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के लगभग 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने वीर हकीकत राय, दीनबंधु सर छोटूराम व आज़ादी के दाता सुभाषचंद्र बोस विषयों पर व्याख्यान दिए। मुख्य अतिथि निजी स्कूल संघ के प्रधान कुलदीप पुनिया के साथ मानव सेवा समिति के प्रधान जोगिंदर ढुल, हिन्दु महासंघ के प्रधान सोमदत्त कौशिक ने मां सरस्वती के चरणों में माल्यार्पण कर हाजिरी लगाई। संतोष बंसल ने मीठे स्वर में मां सरस्वती की वंदना सुनाई। सतपाल मंगला ने उदयपुर दिव्यांग नारायण सेवा संस्थान के विषय में विस्तार से बताया।

राजश्री के सहयोग से पवनार पब्लिक स्कूल के बोर्ड की दसवीं कक्षा के चौबीस मैरीटोरियस छात्र छात्राओं तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाली गीतांजलि दीया वह साक्षी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित राजेश सिंगला ने तिब्बत वापसी के लिए भगवान शिव से निवेदन कर शपथ दिलवाई। महासचिव चन्द्रप्रकाश शर्मा ने मंच का सफल संचालन किया। सरस्वती पूजन तथा कार्यक्रम की गरिमा से ओतप्रोत होकर सुरेंद्र अरोड़ा, महेन्द्र सिंह, चंद्रभान ढांडा, सुरेश बंसल तथा हिंदू महासंघ के फाउंडर पवन शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम जिनसे बच्चों में संस्कार आते हैं होते रहने चाहिए। विद्यालय की ओर से ज्योति संधू ने सबका धन्यवाद किया।

### इन छात्रों को किया सम्मानित

इस प्रतियोगिता में पवनार स्कूल की अंजलि, प्राची और 10वीं के तनिष्क गोयल विवेकानन्द स्कूल के रिया, वंशिका तथा मन्नत, गीता हाई स्कूल की नैंसी, मनप्रीत, समीक्षा तथा मैरीगोल्ड स्कूल की लक्षिता व ख्वाहिश को उनके द्वारा दिए गए व्याख्यान के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## पंजाबी वेलफेयर सभा द्वारा मनाया गया बसंत पंचमी का त्योहार

कैथल। पंजाबी वेलफेयर सभा द्वारा बसंत पंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभा के सदस्यों ने मिलकर सर्वप्रथम अमर शहीद मदन लाल ढींगडा जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए उसके बाद स्मारक स्थल पर पीले मीठे चावलों का प्रसाद राहगीरों को वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान सुषम कपूर ने की। सुषम कपूर ने कहा कि हिन्दू कैलेंडर के अनुसार बसंत पंचमी का पर्व हर साल माघ महीने के पांचवे दिन मनाया जाता है। कुछ समुदायों के बीच बसंत पंचमी को सरस्वती पूजा के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन पीले वस्त्र पहनने एवं पीले मीठे चावलों का बांटना शुभ माना जाता है।उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी के दिन ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती देवी का जन्म हुआ था इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। महासचिव संजय सेतिया ने बताया कि बसंत पंचमी पर हमारी फसलें-गेहूँ, जौ, चना आदि तैयार हो जाती हैं इसलिए इसकी खुशी में हम बसंत पंचमी का त्योहार मनाते हैं। प्रमुख समाज सेवी सुधीर मेहता ने कहा कि हमारे देश में छः ऋतुएँ होती हैं, जो अपने क्रम से आकर अपना पृथक-पृथक रंग दिखाती हैं। परंतु बसंत ऋतु का अपना अलग एवं विशिष्ट महत्ता है। इसीलिए बसंत ऋतुओं का राजा कहलाता है। इसमें प्रकृति का सौन्दर्य सभी ऋतुओं से बढ़कर होता है। इस मौके पर प्रधान सुषम कपूर,मुख्य संरक्षक इन्द्रजीत सरदाना,संजय सेतिया,ज्ञान प्रकाश कुमार, राम किशन डिगानी, राजेन्द्र खुराना, राजकुमार मुखीजा,हरीश पूरी,ओमप्रकाश दुआ आदि मौजूद थे।

### बांटा मीठे पीले चावलों का प्रसाद




कैथल। बसंत पंचमी के पर्व पर प्रसाद बांटते पंजाबी वेलफेयर सभा के पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### बसंत पंचमी पर मंदिर में किया बाबा का श्रृंगार

राजौंद। राजौंद में श्री दादा खेड़ा के प्रांगण में श्री खाटू श्याम मंदिर में मां सरस्वती के जन्मदिन बसंत पंचमी को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह बाबा जी का श्रृंगार कर हवन किया गया। इस दौरान महिला भजन मंडली द्वारा कीर्तन किया गया। इसके अलावा क्षेत्र में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में बसंत पंचमी के दिन जहां लोगों ने पीले पकवान बनाए वही अधिकतर लोगों ने पीले वस्त्र भी धारण किए। बसंत पंचमी के आगमन पर ही सर्दी के मौसम के बाद गर्मी का मौसम शुरू हो जाता है। परंतु अब की बार मौसम में पिछले वर्ष की अपेक्षा ठंड अधिक रही, शुक्रवार को बसंत पंचमी के दिन सारा रूक रुक कर बरसात से मौसम ओर भी ज्यादा ठंडा रहा। पिछले वर्ष बसंत पंचमी को जाहिर हो रहा था कि मौसम में काफी परिवर्तन हो गया है, परंतु अब की बार मौसम में वह परिवर्तन देखने को नही मिला। बसंत पंचमी के बाद वृक्षों पर फिर से पत्ते आने शुरू हो जाते है। बसंत पंचमी के बाद लोगों को दिन में गर्मी व रात को सर्दी का एहसास होना शुरू हो जाता है।

### वार्ड नंबर 8 में टूटा खंभा दे रहा हादसों को न्योता



राजौंद। शहर के वार्ड नंबर 8 पेगा मार्ग जाने वाले रास्ते पर एक गली के कार्नर में खंबे पर पिछले कई दिनों से मीटर का बोक्स टूटा हुआ है और मीटर नीचे उल्टा लटका हुआ है। गुरुवार को हुई बरसात के बाद यहां गली के कॉर्नर पर लगे खंबे में करंट आने का भय बना हुआ है। क्योंकि यहां छोटे-छोटे बच्चे अक्षर खेलते रहते हैं। खंभे में करंट आने से एक बड़े हादसा होने का भय बना रहता है। संबंधित विभाग को इस शीघ्र कार्यवाही करनी चाहिए। इस बारे वार्ड के लोगों ने बताया कि मीटर पिछले कई दिनों से बक्सा टूटकर मीटर नीचे लटक रहा है। लेकिन विद्युत विभाग के किसी भी कर्मचारी ने इसे सही करने की जहमत नहीं उठाई। बरसात के मौसम में खंभे में करंट आने का भय बना हुआ है। लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि शीघ्र खंभे से मीटर को ऊपर उठा बक्से में फिट किया जाए, ताकि किसी अपृह घटना से बचा जा सके।




### शिविरों से मजबूत होती है सहयोग व सद्भाव की भावना

ढांड। बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल की एन.एस.एस. इकाई द्वारा ग्राम चंदलाना में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस अत्यंत शुभ, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के साथ सम्पन्न हुआ। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के कुशल मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नैन्सी गुलाटी के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। तृतीय दिवस का शुभारंभ बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. विशम्भर दास ने स्वयंसेवकों को बसंत पंचमी के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भजन गायन के माध्यम से मां सरस्वती की आराधना की, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके उपरांत डॉ. संदीप कुमार ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के उद्देश्य, महत्व एवं आदर्श वाक्य "मैं नहीं, आप" के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एन.एस.एस. गीत अनुशासन, सेवा, एकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करता है।



### निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप लगाया

कैथल। इंडस प्ले स्कूल कैथल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उत्तम स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप तथा अक्षरारंभ समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसके अलावा बसंत पंचमी के पावन अवसर पर अक्षरारंभ समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। सभी कार्यक्रमों की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई, जिसमें विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं ज्ञानवृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण, प्रधानाचार्या तनु पूनिया तथा हेडमिस्ट्रेस अनीता मनचंदा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ा दिया। मेडिकल चेकअप कैंप पूर्णतः निःशुल्क रहा, जिसमें अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। इस कैंप में डॉ. अमृत सहारण (ई.एन.टी. विशेषज्ञ), डॉ. शोभा (दंत चिकित्सक) तथा डॉ. आंचल (फिजिशियन) द्वारा विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जाँच कर उचित परामर्श दिया गया।

### जिलें में दो अलग-अलग जगहों से युवती और किशोरी लापता, केस दर्ज कर जांच की शुरू

कैथल। जिले में दो अलग-अलग जगहों से एक युवती व एक किशोरी लापता हो गई। दोनों ही मामलों में सबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में गुहला थाना पुलिस को दी गई शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि 22 जनवरी को उसकी 22 साल की बेटी घर से लापता हो गई है। उन्होंने पूरी रिश्तेदारी में बेटी की तलाश की, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में पूंडरी थाना पुलिस को दी गई शिकायत में एक गांव निवासी 21 जनवरी को कोई अज्ञात युवक उसकी 16 साल की बेटी को बहला-फुसला लेकर भगा ले गया है। पुलिस से निवदेन है कि अज्ञात आरोपी का पता लगा उसकी बेटी की तलाश की जाए। इस मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### बरसात से गलियों में जमा हुआ कीचड, नहीं पहुंचे श्रद्धालु

राजौंद। शुक्रवार को हुई शहर में हुई बेमौसमी बरसात के बाद दुर्गा मंदिर को जाने वाली गली की दुर्दशा के कारण श्रद्धालुओं मंदिर व गुरुद्वार में ही नहीं पहुंच पाए,श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आलम यह रहा कि इस गली से पैदल भी नहीं गुजर जा सकता। गली में पिछले कई दिनों से सीवरेज पाइपलाइन दबाने के कारण जगह-जगह गली को उखाड़ कर उसे ठीक नहीं किया गया। जिससे बरसात के बाद इसकी दुर्दशा और भी बद् से बद्तर हो गई। वार्ड वासी रोशन, जयदेव, दीपा,मदन कौशल, हरभजन सिंह, मंदिर के पुजारी रामपाल ने कहा कि ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा वार्ड निवासी व मंदिर व गुरुद्वारा जाने वाले श्रद्धालुओं को झेलना पड़ रहा है। इन लोगों ने कहा कि कछुआ चाल चल रहे इस कार्य के कारण लोगों के वाहन भी पिछले 20 से 25 दिनों से घर नहीं जा पा रहे,जो लोगों ने सड़को पर खड़े किए हुएं हैं। लेकिन संबंधित विभाग इस कार्य को निपटने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। वहीं लोगों ने कहा कि मंदिर व गुरुद्वारा में सुबह 4 बजे भारी संख्या में लोग जाते हैं लेकिन गली की दुर्दशा के कारण कई श्रद्धालु मंदिर व गुरुद्वारा तक पहुंच ही नहीं पाते।



सीवन। कार्यक्रम में ज्योति प्रज्वलित करते मुख्यातिथि व कार्यक्रम की विभिन्न फोटो।

### श्री राम संकीर्तन कर लगाया भंडारा

सीवन। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम मंदिर की दूसरी प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जय दादा खेड़ा जन सेवा ट्रस्ट, सीवन की ओर से बाबा नारायण दास मंदिर के पास स्थित रामलीला मैदान में दूसरे विशाल श्री राम संकीर्तन एवं भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों व शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूरा वातावरण राममय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित बिट्टू शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर संकीर्तन की शुरुआत हुई। मंच संचालन रामनिवास शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में वीना मेहता, विनेश मेहता, नगरपालिका चेयरपर्सन हेमलता सैनी, संदीप सैनी, बलविंदर जांगड़ा, बाला देवी, नीरज कंसल व कवलदीप सैनी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में वीना मेहता और विनेश मेहता ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है नगरपालिका चेयरपर्सन हेमलता सैनी ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

## किसानों के मसीहा थे दीनबंधु सर छोटूरामः बैनीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। जाट हाई स्कूल सोसाइटी के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला ।

जाट शिक्षण संस्थान मे बसंत पंचमी के अवसर पर दीनबंधु सर छोटू राम जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। समस्त प्रबंधक समिति ने दीनबंधु सर छोटू राम की प्रतिमा पर पुष्प माला डालकर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया व प्रबंधक समिति द्वारा आमजन के लिए भंडारा लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बैनिवाल ने दीनबंधु सर छोटू राम को याद करते हुए कहा कि सर छोटू राम सर्व समाज के लिए आदर्श रहे हैं व हमेशा रहेंगे उन्होंने सर्व समाज की भलाई के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। किसानों को साहूकारों से कर्ज मुक्ति के लिए कानून बनवाए ,आम वर्ग के लोगों में जागृति लाने के लिए शिक्षा के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यही कारण है कि समाज का हर वर्ग सम्मान भाव के साथ उन्हें याद करता है। इस अवसर पर उन्होंने दीनबंधु सर छोटू राम के आदर्शों व उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में आध्यात्मिकता और आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।जिसके बाद अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का धमाकेदार उद्घाटन हुआ, जिसने छात्रों के भविष्य के लिए डिजिटल क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष श्री बलकार नैन व कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो, महावीर राविश, महावीर कुंडू, कुलदीप सिंह, विक्रम सोंगल , रजत रापड़िया, जसवीर मानस, राजपाल गुहणा ,सनी चौशाला , स्वतंत्र पाल सिंह, कुलदीप बालू, सुरजमल नैन, संदीप खरब,करनैल मालखेड़ी ,कॉलेज प्राचार्य डॉ.दिनेश सिंह ढिल्लों, जाट आईटीआई प्राचार्य कुलदीप गोपेरा, जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य नरेश राणा, पंकज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान परंपरा की जीवन रेखा है सरस्वती नदी : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती महोत्सव के अंतर्गत गांव पोलड़ में सरस्वती मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीजेपी की जिलाध्यक्ष ज्यौति सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सबसे पहले जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चना की तथा इसके बाद उन्होंने सरस्वती मंदिर में बने घाट पर पुष्प अर्पित किए। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि हम सभी पर सरस्वती मां की कृपा बनी रहे। बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश की तरक्की के लिए अनेकों विकास कार्य किए जा रहे हैं। लुप्त हुई सरस्वती नदी को दोबारा से जीर्णोद्धार करने के लिए हरियाणा सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। हरियाणा सरस्वती बोर्ड का गठन किया गया है। सरस्वती नदी को दिव्य और पवित्र नदी माना गया है। सरस्वती नदी केवल एक नदी नहीं है, बल्कि भारतीय सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान परंपरा की जीवन रेखा है। हरियाणा को गर्व है कि सरस्वती नदी का उदगम स्थल आदिबद्री यमुनानगर जिले में स्थित है। यही से निकलकर सरस्वती नदी हरियाणा के कुरूक्षेत्र, पोलड़ (कैथल), जींद, फतेहाबाद और सिरसा जैसे क्षेत्रों से होकर निकलती है। हरियाणा सरस्वती बोर्ड के माध्यम से नदी के पुनरूद्धार और संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पीपीपी मॉडल लागू करने के प्रयासों के विरोध में मजदूर संगठन ने जताया रोष




ढांड। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव कामरेड कृष्ण ने अखिल भारतीय सचिव मंडल के सदस्य एवं कर्नाटक राज्य समिति के सचिव कॉमरेड भगवान रेड्डी की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। कामरेड कृष्ण ने कहा कि कॉमरेड भगवान रेड्डी बीजापुर संघर्ष समिति की कार्यकारिणी एवं कोर समिति के सदस्य हैं और बीजापुर में सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की स्थापना की मांग को लेकर चल रहे निरंतर जन आंदोलन के प्रमुख नेताओं में शामिल हैं। यह आंदोलन सरकार द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में पीपीपी मॉडल लागू करने के प्रयासों के विरोध में चल रहा है। उन्होंने बताया कि बीते कई दिनों से यह आंदोलन शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से जारी है, लेकिन सरकार बार-बार जनता की जायज मांगों की अनदेखी कर रही है। इस आंदोलन को बीजापुर जिले में व्यापक जनसमर्थन प्राप्त है। आरोप है कि बीजापुर के प्रभारी मंत्री के आवास के सामने प्रदर्शन के दौरान कॉमरेड भगवान रेड्डी सहित अन्य नेताओं को पुलिस ने अवैध रूप से हिरासत में लिया और उन पर आईपीसी की धारा 307 जैसी गंभीर गैर-जमानती धाराओं के तहत झूठे एवं मनगढ़ंत मामले दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एआईकेकेएमएस ने कॉमरेड भगवान रेड्डी सहित गिरफ्तार किए गए सभी नेताओं, जिनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं।

### बसंत पंचमी पर निःशुल्क चिकित्सा एवं योग शिविर लगाया

कैथल। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नीम साहिब गुरुद्वारा में आयुष विभाग द्वारा एक निःशुल्क चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में न केवल मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, बल्कि उन्हें निःशुल्क औषधियाँ भी वितरित की गईं। शिविर में हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बसंत पंचमी का स्वास्थ्य से गहरा संबंध है। यह पर्व 'नव-जीवन' का प्रतीक है और आयुर्वेद के अनुसार इस समय शरीर में 'कफ दोष' को संतुलित करना आवश्यक होता है।

### सड़क निर्माण के नाम पर सरकार कर रही जनता को गुमराह

सीवन। हलका गुहला से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पटवारी दिलबाग सिंह ने प्रदेश में सड़क निर्माण को लेकर सरकार की घोषणाओं पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा यह कहा गया था कि प्रदेशभर की सड़कें दुरुस्त कर दी जाएंगी, लेकिन जमीनी हकीकत इससे मेल नहीं खा रही है। पत्रकारों से बातचीत में पटवारी दिलबाग सिंह ने कहा कि पक्की सड़क हर नागरिक की मूलभूत आवश्यकता है। किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, छात्र और बुजुर्ग—सभी वर्गों के लिए सुरक्षित और सुचारू आवागमन जरूरी है। सड़कें विकास की दिशा तय करती हैं, लेकिन जब वही जर्जर हों तो आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि हलका गुहला की अधिकांश सड़कें खराब हालत में हैं।

**कार्रवाई** राधेश्याम प्रजापति ने विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए

# 27 की जांच को लेकर अधिकारियों में मचा हड़कंप

- 15 जनवरी और 19 जनवरी को टल चुकी है स्टेट विजिलेंस की जांच कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत निवासी राधेश्याम प्रजापति की शिकायत पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सर्कल कैथल कार्यालय की 27 जनवरी को होने वाली जांच से विभाग के अधिकारियों में हडक्रंप है। विभाग की स्टेट विजिलेंस जांच शुरू करने के लिए अधिकारियों के आने का इंतजार कर रही है। इसके साथ ही शिकायतकर्ता हर स्तर पर मामले की मजबूती से पैरवी में लगा है। जबकि जिन 11 अधिकारियों व 7 एजेंसियों को राधेश्याम द्वारा जांच के घेरे में लगाया गया है वे जांच कार्यवाही से बाहर रहकर बचाव के प्रयास में ज्यादा नजर आ रही हैं। शायद यही वजह है कि स्टेट विजिलेंस मुख्यालय पंचकूला पर होने वाली जांच कार्यवाही पहले 15 जनवरी और इसके बाद 19 जनवरी को टल चुकी है। इसका कारण जांच में शामिल होने के लिए तलब किए जाने वाले अधिकारियों का छुट्टी पर चले जाना है। अब 27 जनवरी को जांच में क्या अधिकारी शामिल होंगे? इस देखने वाली बात होगी। सोशल मीडिया पर लगातार केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पक्ष में प्रचार करने वाले राधेश्याम प्रजापति ने विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। इसके मद्देनजर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की स्टेट विजिलेंस द्वारा इस मामले की जांच की जानी है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि वास्तव में करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप सही हैं तो जांच में देरी जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पंचकूला द्वारा राधेश्याम प्रजापति को जांच की तिथि तीसरी बार निर्धारित करने की सूचना दी गई है। सुनवाई की तिथि 27 जनवरी को निर्धारित की गई। यह सुनवाई मुख्य सतर्कता अधिकारी-सह-मुख्य अभियंता (कार्य), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा के पंचकूला कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

### इन छात्रों को किया सम्मानित

प्रजापति का आरोप है कि विजिलेंस जांच अधिकारी लगातार तारीख तय कर रहे हैं। लेकिन आदेशों की पालना करने की बजाए संबंधित अधिकारी छुट्टी पर छुट्टी लेकर इधर-उधर दबाव बनाने के लिए मिटिंग पर मिटिंग कर रहे हैं। इसके पुख्ता सबूत अपने पास होने का बड़ा दावा शिकायतकर्ता ने किया है। उनका कहना है कि मामले से पीछे हटने के लिए अधिकारियों का एक दल उनके आवास पर भी पहुंचा था। इनका पूरा विवरण उनके पास उपलब्ध है। इस प्रकार की स्थिति से जाहिर होता है कि अधिकारी जांच से बचकर भ्रष्टाचार को छिपाना चाहते हैं।

### वीडियोग्राफी से जांच की मांग

राधेश्याम प्रजापति ने बताया कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में प्रभावी कार्यवाही एवं जांच के लिए उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ-साथ शीर्ष अधिकारियों को अलग से पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जांच कार्यवाही को वीडियोग्राफी के माध्यम से पूर्ण करने की मांग की है। क्योंकि यह मामला अधिकारियों एवं ठेकेदारों द्वारा संगठित रूप से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, फर्जी भुगतान, नियमों की अवहेलना, सरकार को वित्तीय नुकसान करते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने सहित कई अन्य गंभीर आरोपों से जुड़ा है।

# युवा महोत्सव में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने जीती ओवरऑल ट्राफी

*प्रतियोगिता में भाग लेना ही उपलब्धि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव का अंतिम दिन सांस्कृतिक विरासत, लोककला, परंपरा और युवा उत्साह का भव्य उत्सव बन कर सामने आया। समापन दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में क्लासिकल डांस, हरियाणवी सोलो डांस ( फीमेल), हरियाणवी ग्रुप डांस, संस्कृत ड्रामा, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो, वेस्टर्न वोकल सोलो, ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी, डिबेट्स यह प्रस्तुतियां न केवल मनोरंजन का माध्यम बनी और ग्रामीण जीवन के विविध रंगों ने उपस्थित दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने ओवरऑल ट्राफी जीती।

युवा महोत्सव के समापन समारोह के विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव केवल मनोरंजन का मंच नहीं बल्कि यह युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने, सामाजिक मूल्यों को समझने और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास विकास और नेतृत्व क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलगुरु प्रो. सैनी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेना ही अपने आप में एक उपलब्धि है। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों एवं टीमों को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**खास बातें**

- चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव संपन्न
- युवा महोत्सव युवाओं को संस्कृति से जोड़ने का सशक्त मंच : प्रो. रामपाल


## कार्यक्रम के अंतिम दिन हरियाणवी डांस का आयोजन

**विद्यार्थियों की प्रतिभा की हुई सराहना**

महोत्सव के अंतिम दिन क्लासिकल डांस, हरियाणवी सोलो डांस महिला वर्ग, हरियाणवी ग्रुप डांस, संस्कृत नाटक, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो, वेस्टर्न वोकल सोलो, ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी तथा वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की सशक्त प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, सृजनशीलता और सांस्कृतिक चेतना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों ने भी विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की तथा कहा कि सीआरएसयू युवाओं को अपनी संस्कृति, कला और परंपराओं से जोड़ते हुए नागरिक बनाने में सहायक हों।



जींद। विजेता टीमों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए टीमें। फोटो : हरिभूमि

### *तीन दिवसीय युवा महोत्सव के परिणाम*

**क्लासिकल वोकल सोलो**
प्रथम स्थान : यूटीडी सीआरएसयू जींद।
द्वितीय स्थान : केएम गवर्नमेंट कॉलेजए नरवाना।

**क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो**
प्रथम स्थान : हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद
द्वितीय स्थान : गवर्नमेंट कॉलेजए सफीदों

**ग्रुप सॉंग जनरल**
प्रथम स्थान : यूटीडी सीआरएसयू
द्वितीय स्थान : हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद

**ग्रुप सॉंग हरियाणवी**
प्रथम स्थान : गवर्नमेंट कॉलेज सफीदों
द्वितीय स्थान : हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद

**हरियाणवी आर्केस्ट्रा**
प्रथम स्थान : यूटीडी सीआरएसयू जींद
द्वितीय स्थान : गवर्नमेंट कॉलेज सफीदों

**लोक सॉंग (हरियाणवी सोलो रागनी)**
प्रथम स्थान : केएम गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना
द्वितीय स्थान : यूटीडी सीआरएसयू जींद

**लोक सॉंग (जनरल)**
प्रथम स्थान : यूटीडी सीआरएसयू
द्वितीय स्थान : मेटिस डिग्री कॉलेज अंटा

**ग्रुप सॉंग वेस्ट्रन**
प्रथम स्थान : यूटीडी सीआरएसयू जींद
द्वितीय स्थान : हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद

**ग्रुप डांस जनरल**
प्रथम स्थान : हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद
द्वितीय स्थान : पीआईजी गवर्नमेंट कॉलेज जींद
तृतीय स्थान : केएम गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना

**हरियाणवी स्किट**
प्रथम स्थान : गवर्नमेंट कॉलेज जींद
द्वितीय स्थान यूटीडीए सीआरएसयू जींद

**खबर संक्षेप**

### गुरुकुल विद्यापीठ में मनाई सुभाष बॉस जयंती

**जींद।** गुरुकुल विद्यापीठ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं बसंत पंचमी पर्व बड़े ही उत्साह, जोश और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यापीठ परिवार ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा आराधना की तथा शिक्षा ज्ञान एवं प्रकाश का आशीर्वाद लिया। विद्यार्थियों ने अनेक ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियां देकर सभी को मोहित कर दिया। विद्यापीठ की प्राचार्या सीमा वत्स एवं विद्यापीठ की उपाध्यक्षा डा. कान्ता शर्मा ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नेताजी के विचारों से होगा राष्ट्र का निर्माण : मंगल

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद के प्रांगण में शुक्रवार को पराक्रम दिवस के पावन अवसर पर कार्यक्रम एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन आधुनिक भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी आजाद हिंद फौज के संस्थापक और युवाओं के शाश्वत प्रेरणास्त्रोत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने की।

### फर्जी बैंक रसीद भेजकर 6.63 लाख रुपए ठगे

**कैथल।** गांव दयोहरा में एक युवक से फेसबुक पर दोस्त बनकर फर्जी बैंक रसीद भेजकर 6.63 लाख रुपए की साइबर ठगी कर ली। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव दयौरा निवासी एक डेयरी संचालक गुरनीत सिंह ने बताया कि 12 जनवरी को उसकी फेसबुक आईडी पर सोनी गुर्जर अमेरिका नाम की आईडी के अज्ञात ने मैसेंजर पर संपर्क किया गया। प्रोफाइल फोटो उसके दोस्त जैसी होने के कारण उसने बातचीत शुरू कर दी।

### डीएन स्कूल में मनाई सुभाष चंद्र बोस जयंती

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में नेता सुभाषचंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई। बच्चों ने सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस पर कविता, भाषण, लघु नाटक और गीतों के माध्यम से बच्चों में देशभक्ति की भावना का संचार किया। इस अवसर पर छात्र, छात्राओं ने पटियाला चौक स्थित नेता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।प्राचार्या राज रेढू ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार नेताजी न केवल कुशल राजनीतिज्ञ थे अपितु महान सेनापति, वीर सैनिक एवं प्रखर बुद्धि के स्वामी थे।

## जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने किया आयोजन

# जिला कार्यालय में मनाई बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ के कार्यालय में शुक्रवार को बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यालय को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया तथा मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजेश वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, विद्या और संगीत की देवी मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि माघ मास की पंचमी तिथि को मां सरस्वती का अवतरण हुआ था, इसलिए इस दिन को सरस्वती पूजा के रूप में भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो व्यक्ति इस दिन श्रद्धा और विधि-विधान से मां सरस्वती की पूजा करता है, उसे ज्ञान, बुद्धि और वाणी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। कार्यक्रम में बच्चों ने मां सरस्वती की आराधना करते हुए भजन प्रस्तुत किए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बसंत ऋतु के आगमन का स्वागत किया। वातावरण में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।



जींद। बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा करते हुए बच्चे।



जींद। यज्ञ में आहूति डालते हुए स्टाफ।

**राष्ट्र धर्म सर्वोपरि**

राजेश वशिष्ठ ने बताया कि नेताजी ने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया और देशवासियों को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनका प्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, आज भी हर भारतीय के हृदय में जोश और देशभक्ति की भावना भर देता है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। ऐसे वीरों की स्मृति हमें यह सिखाती है कि देश के प्रति समर्पण ही सच्चा राष्ट्र धर्म है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को देशभक्ति, अनुशासन की भावना से प्रेरित करें ताकि आने वाली पीढ़ी भी राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सके।

इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी मनाई गई। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ था। उनके पिता जानकीनाथ बोसवकील थे और माता प्रभावती देवी एक कुलीन परिवार से थी।

**वुड स्टॉक पब्लिक स्कूल में बसंत**

**जींद।** वुड स्टॉक पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी के पावन अवसर एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा एवं हवन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन द्वारा हुई। हवन में विद्यालय के निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा, सहायक निदेशक आशुतोष शर्मा, प्रधानाचार्या सुकीर्ति गौतम, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने आहुति अर्पित कर मां सरस्वती से ज्ञान, सद्बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की और प्रसाद वितरित किया गया। हवन के दौरान पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर गया। इसके पश्चात मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। पीले वस्त्रों में सजे विद्यार्थियों ने मधुर स्वर में वंदना गाकर बसंत पंचमी के महत्व को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने बताया कि बसंत पंचमी ज्ञान, विद्या और नवचेतना का पर्व है। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां प्रस्तुत की गईं। छात्रों ने समूह गीत, कविता पाठ एवं लघु सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बसंत ऋतु और ज्ञान के महत्व को सुंदर रूप में दर्शाया। नन्हे विद्यार्थियों ने पीले वस्त्र धारण कर आकर्षक नृत्य एवं कविता प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने चित्रकला, पोस्टर निर्माण, विचार लेखन एवं हस्तलेखन गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इन सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अनुशासन स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। बसंत पंचमी से जुड़ी इन प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को रंगों और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और बलिदान पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए गए। निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ज्ञान ही वह शक्ति है जो व्यक्ति को सही मार्ग दिखाती है।

# सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 25 को डीआरडीए में लगेगा कैंप : मिड्ढा

- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि सौर ऊर्जा को बढावा देने के लिए 25 जनवरी को डीआरडीए सभागार में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में सौर ऊर्जा (सोलर पैनल) लगवाने के लिए सरकार की तरफ से मिलने वाले अनुदानों की जानकारी दी जाएगी। डा. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 विकसित भारत विजन को साकार करने के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत यह कैंप 25 जनवरी को सुबह साढ़े दस बजे से दो बजे तक डीआरडीए सभागार में आयोजित होगा।



डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक**

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.00 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान यानी कि कुल 80 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

# 25 जनवरी को भक्तिमय रूप से मनाया जाएगा सीएम नायब सैनी का जन्मदिवस

- शक्तिपीठ जयंती माता में मुख्यमंत्री सैनी के जन्मदिन पर भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन 25 जनवरी को पूरे प्रदेश में उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जींद जिले की ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध शक्तिपीठ जयंती माता मंदिर के प्रांगण में भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में हवन, यज्ञ का आयोजन होगा। जिसमें विधि विधान से पूजा अर्चना एवं हवन संपन्न होगा। साथ ही भजन संध्या का विशेष आयोजन रहेगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक अमित ढुल अपनी मधुर आवाज में माता के भजनों एवं धार्मिक गीतों की प्रस्तुति देंगे। भारतीय जनता पार्टी के हिसार जिला के प्रभारी व पार्टी के वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी ने बताया कि यह भजन संध्या भक्तों के बीच भक्ति भावना को और गहरा करने वाली होगी तथा मुख्यमंत्री के उज्ज्वल भविष्य एवं हरियाणा की समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थनाएं की जाएंगी। यह कार्यक्रम सर्व समाज के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जयंती माता मंदिर की पावन धरा पर आयोजित यह उत्सव न केवल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिवस की शुभकामनाएं अर्पित करने का माध्यम बनेगा बल्कि प्रदेशवासियों के बीच एकता, भक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में हरियाणा के विकास, किसान, कल्याण, युवा सशक्तिकरण एवं महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर गीतों के माध्यम से बताया जाएगा तथा भक्तजन उनकी दीर्घायु, स्वास्थ्य एवं सफलता की कामना करेंगे।



भाजपा के वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी।

# हिंदू स्कूल में नेताजी की जयंती पर लगाया रक्तदान शिविर

- शिविर में 38 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना कस्बे के हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना के साथ-साथ समाज सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।कैंप में 38 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी का जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा का नारा आज भी समाज को सेवा और त्याग का संदेश देता है। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है ।इस मौके पर नपा के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा, उप प्रधान पवन सैनी, पार्षद राहुल, प्रधान मुकेश सिंगला, राजबीर शर्मा, नरेंद्र लाठर, सुरेंद्र फौजी, संदीप तायल आदि मौजूद रहे।



जुलाना। रक्तदाताओं को बैज लगाते कैप्टन योगेश बैरागी। फोटो :हरिभूमि



कैथल। किशोर को परिजनों के हवाले करती पुलिस टीम।

### कैथल पुलिस ने वर्ष 2024 से लापता किशोर को अमृतसर से किया सकुशल बरामद

**कैथल।** कैथल पुलिस की टीम ने वर्ष करीब एक साल पहले से लापता 14 वर्षीय एक किशोर को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। टीम में एएसआई ईश्वर सिंह, महिला हेड कांस्टेबल सरोज व महिला कांस्टेबल शीतल शामिल थे। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मायापुरी कॉलोनी, करनाल रोड कैथल निवासी एक व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसका करीब 13 वर्षीय पुत्र 24 अक्टूबर 2024 को घर से बिना बताए घर से लापता है। काफी तलाश के बावजूद जब कोई सुराग नहीं मिला तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जिस बारे थाना सिविल लाइन में केस दर्ज किया गया। मिसिंग सेल पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता, स्थानीय सूचनाओं और निरंतर प्रयासों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान सामने आया कि किशोर को एक अज्ञात व्यक्ति नशीला पदार्थ सुंघाकर बहला-फुसलाकर अपने साथ हरिद्वार ले गया था। जहां कुछ समय तक युवक को एक होटल पर काम करवाया गया। बाद में युवक वहां से भागकर ट्रेन में अमृतसर चला गया। वह अपना पता बताने में असमर्थ था, अमृतसर एक व्यक्ति के पास रहने लग गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अमृतसर से किशोर को सकुशल बरामद कर लिया।

# नायब सैनी ने जनहित में लिए कई ऐतिहासिक फैसले: अशोक

- भाजपा सरकार ने बीते कार्यकाल में जनहित से जुड़े अनेक बड़े और ठोस फैसले लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

हरियाणा में भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा सरकार ने बीते कार्यकाल में जनहित से जुड़े अनेक बड़े और ठोस फैसले लिए हैं, जिनका लाभ सीधे आम नागरिक तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पारदर्शिता और ईमानदारी को प्राथमिकता देते हुए भर्ती प्रक्रिया को तेज किया है। बीते कुछ वर्षों में प्रदेश में करीब 1 लाख से अधिक सरकारी भर्तियां पूरी की गई हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस और तकनीकी विभाग शामिल हैं। शिक्षा विभाग में जहां पहले बड़ी संख्या में पद खाली थे, वहां अब चरणबद्ध तरीके से शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है और हजारों पदों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में प्रदेश का बजट लगातार बढ़ाया गया है। वर्ष 2014 में हरियाणा का बजट करीब 88 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढक़र लगभग 2 लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच गया है। इसका सीधा लाभ सडक़ों, स्वास्थ्य सेवाओं, स्कूलों, कॉलेजों और ग्रामीण विकास कार्यों में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद को सुनिश्चित किया है।



अशोक गुर्जर।



उचाना। मीटिंग को संबोधित करते हुए दलजीत सिंह ढल्लेवाल।

### सात फरवरी से कन्या कुमारी से शुरू होगी किसान जागृति यात्रा: दलजीत सिंह ढल्लेवाल

**उचाना।** सात फरवरी से कन्या कुमारी से कश्मीर तक निकाले जाने वाली किसान जागृति यात्रा को लेकर उचाना खुर्द बीकेयू (एकता सिधुपूर) राष्ट्रीयध्यक्ष दलजीत सिंह ढल्लेवाल पहुंचे। यहां पर किसानों के साथ मीटिंग की। मुख्य रूप से राज्य प्रधान अभिमन्यु कोहाड़ मौजूद रहे। किसानों से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। अध्यक्षता जिला महासचिव अनिल बैनीवाल ने की। दलजीत सिंह ढल्लेवाल ने कहा कि यात्रा से पहले गांव-गांव जाकर किसानों के साथ बातचीत कर रहे है। देश के किसानों को जागरूक करने का प्रयास है कि एमएसपी, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट, किसानों की कर्ज मुक्ति, बिजली संसोधन बिल, भूमि अधिग्रण सहित अन्य मांगों को लेकर एक प्रस्ताव गांवों के किसानों के पास भेजा जाएगा। प्रस्ताव पर किसानों के हस्ताक्षर करवाए जाएंगे। कन्या कुमारी से जो यात्रा शुरू होगी वो कश्मीर जाकर समाप्त होगी। 19 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान किसान महापंचायत के साथ यात्रा का समापन होगा।

## विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी कर दिए निर्देश

# विद्यार्थियों को दिए टैब का डाटा 29 तक करना होगा अपडेट

*जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जाएगा डाटा अपडेट वेरिफाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

विद्यार्थियों और शिक्षकों को दिए गए टैब का डाटा 29 जनवरी तक एमआइएस पोर्टल पर अपडेट करना होगा। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी किया है। जारी पत्र के अनुसार अगर तकनीकी समस्या या किसी प्रकार की अन्य जानकारी के लिए 01725049801 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा डाटा अपडेट वेरिफाई किया जाएगा। स्कूलों में उपलब्ध टैबलेट की स्थिति के संबंध में एमआइएस पोर्टल पर वर्तमान टैब स्थिति नामक एक माड्यूल है।




जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो :हरिभूमि

**ब्लॉकवार आंकड़ें**

| ब्लाक | कुलटैब | पोर्टल पर अपलोड | पेंडिंग |
|---|---|---|---|
| अलेवा | 3581 | 2438 | 143 |
| जींद | 6950 | 6616 | 334 |
| जुलाना | 3612 | 3218 | 394 |
| नरवाना | 6321 | 6009 | 312 |
| पिल्लूखेड़ा | 2314 | 2184 | 157 |
| सफीदों | 4307 | 3934 | 373 |
| उचाना | 6259 | 5917 | 342 |

**टैब का एमआइएस पोर्टल पर डाटा**

जिला गणित विशेषज्ञ आनंद सहारण ने बताया कि लगभग 95 प्रतिशत डाटा पोर्टल पर अपडेट किया जा चुका है। जल्द ही पूरा डाटा अपलोड किया जाएगा। जिले में राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों व शिक्षकों दिए गए टैब का डाटा पोर्टल पर अपलोड कर है।

### ऑनलाइन पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों व शिक्षकों को दिए गए हैं टैब

गौरतलब है कि राजकीय स्कूलों में 10वीं, 11वीं व 12वीं कक्ष के विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों व शिक्षकों को भी टैब दिए गए थे। इसके अलावा प्राइमरी स्कूलों में भी लगभग 1780 शिक्षकों को विद्यार्थियों के असेसमेंट सर्वे सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को आनलाइन करने के लिए दिए गए थे। सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में कई शिक्षक ट्रांसफर होकर दूसरे स्कूलों में चले गए और वह टैब साथ में ले गए लेकिन पोर्टल पर उनका स्टेटस पुराने स्कूल में अलाट दिखा रहा है। इसके अलावा विद्यार्थियों के पास कितने टैब हैं, जिसमें से कितने सही चल रहे हैं या कितने खराब हैं सहित अन्य जानकारी पोर्टल पर अपडेट करनी है। जिले में 725 राजकीय स्कूल हैं, जिसमें से 10वीं कक्षा में 9270, 12वीं कक्षा में 8814 विद्यार्थी शामिल हैं।